मुख्य अभियंता का कार्यालय
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर
{E-mail Id- reports.cewrdsp@gmail.com, M-7463889766}

पत्रांकः— 2 / कार्य(मू0)9—बाढ़—01 / 2026— 1549 /समस्तीपुर, दिनांकः— 21.04.2026

बाढ़ संघर्षात्मक कार्य (वर्ष—2026) हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना।

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, समस्तीपुर/रोसड़ा/दलसिंहसराय/हथौड़ी/बेगूसराय/—1/2, खगड़िया/दरभंगा/—1/2, झंझारपुर /जल निस्सरण प्रमंडल, समस्तीपुर/दरभंगा के प्रमंडलाधीन नामांकण के आधार पर वर्ष—2026 के बाढ़ अवधि **(01 जून 2026 से 31 अक्टूबर 2026 तक)** के दौरान बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराने हेतु जल संसाधन विभाग के निबंधित संवेदकों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक संवेदक जल संसाधन विभाग के वैद्य निबंधन पत्र के साथ प्रमंडलों का नाम उल्लेखित करते हुए आवेदन (मोबाईल संख्या/दूरभाष संख्या सहित) समर्पित कर सकते है। श्रेणी—चार में जिला विशेष के पथ प्रमंडल द्वारा निबंधित संवेदक भी संबंधित जिला में कार्य करने के लिए आवेदन दे सकते हैं।

संवेदको को अपने आवेदन के साथ वैद्य निबंधन पत्र के अलावे विधिवत घोषणा पत्र/चरित्र प्रमाण—पत्र/शपथ पत्र (नोटरी से निर्गत) के रूप में संलग्न करना होगा जिसमें निबंधन संख्या, नाम, पिता का नाम, पूरा पता मोबाईल संख्या के साथ यह घोषणा हो कि **"कार्य मिलने पर वे स्वयं स्थल पर अपने संसाधनों (मजदूर आदि) के साथ चौबीस घंटे मुस्तैद रहेगें एवं ऐसा नहीं करने पर विभाग उनके विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई कर सकता है,"** का उल्लेख हो। उक्त घोषणा का उल्लेख शपथ पत्र में नहीं रहने पर उनके आवेदन की मान्यता नहीं दी जायेगी। बाढ़ संघर्षात्मक कार्य आपातकालीन एवं जोखिम भरा कठिन कार्य होता है, इसलिए संवेदक सोच समझ कर आवेदन करेग

इच्छुक संवेदक अपना आवेदन मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर को संबोधित करते हुए दिनांक—**05.05.2026** से **25.05.2026** के **05:00** बजे (अपराहन्) तक कार्यालय में सीधे जमा करेगें। निर्धारित तिथि/समय के बाद एवं अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता के माध्यम से समर्पित आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि वे ऐसा करते है तो इसे आदेश की अवहेलना मानते हुए उनके आवेदन को मान्यता नहीं दी जायेगी तथा इसके संबंध मे उनका कोई दावा मान्य नहीं होगा।

ह0/—
(नवल किशोर भारती)
मुख्य अभियन्ता

ज्ञापांकः—2 / कार्य(मू0)9—बाढ़—01 / 2026 1549 /समस्तीपुर, दिनांकः— 21.04.2026

प्रतिलिपिः— आई0टी मैनेजर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह0/—
(नवल किशोर भारती)
मुख्य अभियन्ता

ज्ञापांकः—2 / कार्य(मू0)9—बाढ़—01 / 2026 1549 /समस्तीपुर, दिनांकः— 21.04.2026

प्रतिलिपिः— सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी जल संसाधन विभाग, सिंचाई भवन, पटना को सात अतिरिक्त प्रतियों एवं सॉफ्ट कॉपी/सी0डी0 के साथ सूचनार्थ एवं समाचार पत्रों आदि में प्रकाशनार्थ प्रेषित।
अनु0—सी0डी0 एक अदद एवं सूचना की सात प्रति।

21.04.26
(नवल किशोर भारती)
मुख्य अभियन्ता
21/4/26